





# महिला पार्क की मिली सौगात, 4 करोड़ के कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 15 जुलाई।** नगर पालिका परिषद जौरा द्वारा निर्मित महिला गांधी पार्क का बुधवार को मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने लोकार्पण और महात्मा गांधी की नवीन प्रतिमा का अनावरण भी किया। इसके साथ ही वार्ड-10 स्थित पचबीघा में 4.01 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन कर विभिन्न हितग्राहियों को भूमि पट्टों के प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

**विस अध्यक्ष तोमर ने किया लोकार्पण, हितग्राहियों को बांटे भूमि के पट्टे**



नगर पालिका अध्यक्ष अखिल माहेश्वरी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर के विकास कार्यों एवं बड़े नाले के निर्माण सहित अन्य परियोजनाओं के लिए सहयोग का आग्रह किया। लगभग 1.14 करोड़ रुपये की लागत से विकसित महिला गांधी पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जौरा के विकास के लिए आवश्यक कार्यों की सूची उपलब्ध कराई जाएगी तो उन्हें स्वीकृति दिलाने और हरसंभव सहयोग देने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की विकास कार्यों के लिए सराहना करते हुए कहा कि महिला गांधी पार्क नगर के विकास की नई पहचान बनेगा। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम शुभम शर्मा, तहसीलदार अशोक भारती, पूर्व विधायक सूबेदार सिंह सिकरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# कैडर रिव्यू, पदोन्नति, भुगतान की मांगें शीघ्र निराकृत हों

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 15 जुलाई।** प्रदेशभर के पटवारी संवर्ग की वर्षों से लंबित पांच सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर तहसील जौरा तहसील के पटवारियों ने बुधवार को मुख्यमंत्री एवं कलेक्टर के नाम तहसीलदार मुकेश दुबे को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन मप्र पटवारी संघ के अध्यक्ष रामअवतार सिंह यादव और मनीष शर्मा के नेतृत्व में दिया गया।



**जौरा में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों ने दिया ज्ञापन**

ज्ञापन में पटवारियों ने कैडर रिव्यू लागू करने, समयमान वेतनमान एवं पदोन्नति का लाभ देने, विभागीय परीक्षा शीघ्र आयोजित कराने तथा लंबित वित्तीय भुगतान का निराकरण करने की मांग की। पटवारियों का कहना है कि प्रदेश के अन्य कर्मचारियों के पदोन्नति आदेश जारी हो रहे हैं, जबकि पटवारी संवर्ग को इससे वंचित रखा गया है। पटवारियों ने यह भी मांग उठाई कि राजस्व न्यायालयों से जुड़े मामलों में पटवारी केवल प्रतिवेदन प्रस्तुत करता है, इसलिए ऐसे प्रकरणों में सीधे एफआईआर दर्ज करने के बजाय उन्हें भी तहसीलदार और नायब तहसीलदार की तरह विधिक संरक्षण प्रदान किया जाए। इसके साथ ही नियम विरुद्ध स्थानांतरण पर रोक लगाने की मांग भी ज्ञापन में की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में हुकम सिंह त्यागी, हरेंद्र सिंह तोमर, अंकुर सिंह तोमर, बृजेश त्यागी, देवेंद्र पाराशर, राकेश त्यागी, माखन यादव, श्याम शर्मा, सुनील कुमार, विवेक शर्मा, जनार्दन शर्मा, रानी शिवहरे, अंजली मित्तल सहित बड़ी संख्या में पटवारी उपस्थित रहे।

## पेड़ से बांधकर युवक की मारपीट, 5 पर केस दर्ज

**मुरैना, 15 जुलाई।** जौरा थाना पुलिस ने एक युवक को पेड़ से बांधकर मारपीट करने के मामले में पांच आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 14 जुलाई की सुबह फरियादी के घर के बाहर आरोपियों रामनाथ, दलवीर, जोगेंद्र, बंटी और दाताराम ने फरियादी को पेड़ से बांध दिया। इसके बाद गाली-गलौज करते हुए हंसिए से हमला कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।

# नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान शुरू, जागरुकता रथ हुआ रवाना

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 जुलाई।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक चलने वाले 15 दिवसीय विशेष जनजागरूकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी 2.0 का शुभारंभ बुधवार को एसपी धर्मराज मीणा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में हुआ। इस दौरान मीडिया ब्रीफिंग कर अभियान के उद्देश्य एवं कार्ययोजना की जानकारी दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशामुक्ति की शपथ भी ली।

**एसपी धर्मराज मीणा ने दिखाई हरीझंडी, ली नशामुक्ति की शपथ**



एसपी ने जनजागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिलेभर में भ्रमण कर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करेगा और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेज, कोचिंग संस्थानों, ग्राम पंचायतों एवं शहरी क्षेत्रों में रैली, नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, शपथ ग्रहण, क्विज प्रतियोगिता और जनसंवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही नशीले पदार्थों के अवैध निर्माण, परिवहन, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। कार्यक्रम में 400 से अधिक लोगों ने भाग लेकर नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# अजा आयोग ने छात्रावासों में देखीं व्यवस्थाएं, किया संवाद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 जुलाई।** मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को शहर के विभिन्न शासकीय कन्या छात्रावासों का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही आवासीय एवं शैक्षणिक सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने छात्राओं से चर्चा कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान डॉ. जाटव ने गणेशपुरा स्थित जूनियर, सीनियर एवं संभागीय कन्या छात्रावासों के साथ व्हीआईपी रोड स्थित महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास का भ्रमण किया। उन्होंने भोजन व्यवस्था, रसोई, स्टॉक रजिस्टर, अध्ययन सामग्री, फर्नीचर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। छात्राओं की सुविधा को देखते हुए आरओ मशीनें ऐसे स्थानों पर लगाने के निर्देश दिए, जहां सभी छात्राएं आसानी से स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर सकें। उन्होंने अंबेडकर पार्क पहुंचकर नागरिकों से संवाद किया और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के हितों की रक्षा एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाना आयोग की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सौरभ सिंह राठौर, समाजसेवी दिलीप पिप्पल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### हेल्थ वर्कर्स को अनमोल पोर्टल, दस्तक अभियान की दी ट्रेनिंग

**मुरैना/कैलारस, 15 जुलाई।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ एवं सीएमएचओ के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैलारस में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सुपरवाइजर और डाटा एंट्री ऑपरेटरों को अनमोल पोर्टल-2, समग्र आईडी, दस्तक अभियान और डीएसएस टूल के प्रभावी संचालन की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयनए हाईरिस्क गर्भवतियों की पहचान, सुरक्षित प्रसव तथा पोर्टल पर शत-प्रतिशत डेटा अपडेट करने के निर्देश दिए गए। जिन महिलाओं की समग्र आईडी नहीं बन पा रही है, उनके आधार में आवश्यक संशोधन कर आईडी बनवाने पर भी जोर दिया गया। दस्तक अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे की ऑनलाइन डीएसएस एंट्री अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में परिवार कल्याण पखवाड़े के दौरान 12 महिलाओं के सफल नसबंदी ऑपरेशन होने की जानकारी भी दी गई। एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत ग्वालियर से आए प्रशिक्षक ऋषिकेश पांडे ने फील्ड स्टाफको तकनीकी प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में सीबीएमओ डॉ. मनीष शर्मा, डॉ. अरविंद कुशवाह, डॉ. राहुल सिकरवार, डॉ. बृजमोहन शाह सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।




### रोड रेस्टोरेशन समय पर पूर्ण करें, जनता न हो परेशान : आयुक्त

**मुरैना।** नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने बुधवार को वार्ड क्र. 29 स्थित मनोहर नगर क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रगतिरत विकास कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित संविदाकार को सड़क खुदाई के बाद निर्धारित समयसीमा में रोड रेस्टोरेशन कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि विकास कार्यों के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधिए नगर निगम के अधिकारी तथा मप्र अर्बन डेवलपमेंट कंपनी की सामुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



### अध्यक्ष डॉ. जाटव आज करेंगे विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**मुरैना।** मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव 16 जुलाई को मुरैना प्रवास के दौरान विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकें लेंगे। वे अनुसूचित जाति वर्ग के हित में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित शासकीय योजनाओं की समीक्षा बैठक होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे जिला स्तरीय कानून एवं व्यवस्था की समीक्षा की जाएगी। दोपहर 2 .30 बजे जिला पंचायत में विकास योजनाओं की समीक्षा तथा शाम 3 . 30 बजे नगर निगम में नगरीय निकायों से संबंधित योजनाओं एवं गतिविधियों की समीक्षा बैठक आयोजित होगी।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, बाइक चालक पर केस दर्ज

**मुरैना।** टेंटरा थाना पुलिस ने सड़क दुर्घटना में युवक की मौत के मामले में मर्ग जांच के बाद बाइक चालक के खिलाफप्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार 15 मई 2026 को ग्राम साहपुरा के शासकीय स्कूल के सामने विजयपुर-टेंटरा रोड पर बाइक क्रं. एमपी06- एमएफ- 7957 के चालक की लापरवाही से दुर्घटना हुई थी। हादसे में दीपक कुमार 32 पुत्र बबलू आदिवासी निवासी ग्राम टर्राकलां, थाना रघुनाथपुरए जिला श्योपुर की मौत हो गई थी।

# योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचे : डॉ . कैलाश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 15 जुलाई।** मप्र राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव ने बुधवार को सर्किट हाउस में अनुसूचित जाति वर्ग के नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से समस्याओं के शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण का आश्वासन दिया।

**अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष ने सुनी समस्याएं, दिए निर्देश**



सामाजिक संवाद कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

डॉ. जाटव ने कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने नागरिकों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने और अन्य पात्र लोगों को भी उनसे जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महापौर शारदा सोलंकी, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग सौरव राठौर, पूर्व मंत्री मुंशीलाल, पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

# नमस्ते दिवस पर वेस्ट पिकर्स को बांटी गई पीपीई किट

**मुरैना, 15 जुलाई।** राष्ट्रीय अभियान नमस्ते दिवस के अवसर पर नगर निगम ने मंगलवार को जीवाजी क्लब में कार्यक्रम आयोजित कर वेस्ट पिकर्स को पीपीई (पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट) किट वितरित की। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने श्रमिकों को सुरक्षा किट प्रदान कर उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। आयुक्त सत्येंद्र धाकरे ने बताया कि नमस्ते दिवस का उद्देश्य कचरा बीनने वाले, सीवर एवं सेप्टिक टैंक से जुड़े श्रमिकों को चिन्हित कर उन्हें व्यवसायिक पहचान, सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य सुविधाओं, पोषण और कौशल प्रशिक्षण से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी लाल सिंह डोडिया के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी आकांक्षा दुबे, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी लाखन राजपूत सहित नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।



# मारपीट की तीन घटनाओं में 11 के विरुद्ध मामले दर्ज

**मुरैना, 15 जुलाई।** जौरा पुलिस ने मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के तीन अलग-अलग मामलों में 11 आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पहले मामले में रामनरेश उर्फ दीपू गुर्जर निवासी कैमारीगुफा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई को पुराने अस्पताल के पास रुपेंद्र, सूरज, जोगेंद्र, सिकंदर और केशव, ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। दूसरे मामले में रामनाथ गुर्जर निवासी हटीसिंह का पुरा ने शिकायत की कि उसके घर के बाहर गब्बर, सुरेश, बंटी, संदीप और बच्चू ने गाली-गलौज कर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। तीसरे मामले में सूरज गुर्जर निवासी पुराने अस्पताल के पीछे जौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रघुवीर और दलबीर ने उसके साथ मारपीट कर धमकी दी। तीनों मामलों में पुलिस ने संबंधित आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# बिना पंजीयन संचालित कोचिंग में क्षमता से तीन गुना मिले छात्र



**मुरैना/पोरसा, 15 जुलाई।** कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देश पर नायब तहसीलदार पोरसा श्यामसुंदर सराहिया, बीईओ नरेंद्र सिंह तोमर और बीआरसी शैलेन्द्र सिंह तोमर ने सोमवार को कस्बा पोरसा में एक दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। जांच में अधिकांश संस्थानों में गंभीर अनियमितताएं मिलीं।

निरीक्षण के दौरान कई कोचिंगों में कमरों की क्षमता से तीन गुना अधिक विद्यार्थी बैठे मिले। कई जगह घुटन, बैठने की अपर्याप्त व्यवस्था और बच्चों को पैरों पर कॉपी रखकर लिखते हुए पाया गया। कुछ कोचिंग बिना पंजीयन के संचालित मिलीं, जबकि कई संस्थान स्कूल समय सुबह 10 बजे के बाद भी चल रहे थे। अधिकारियों ने सभी संबंधित संस्थानों को नोटिस जारी कर तत्काल नियमों का पालन करने के निर्देश दिए। फिलहाल संचालकों को समझाइश देते हुए स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि अगले निरीक्षण में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जनसेवक मनोज गुर्जा ने किया विस अध्यक्ष तोमर का स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 15 जुलाई।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के जौरा आगमन पर बुधवार को भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी जनसेवक मनोज सिंह सिकरवार गुर्जा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान मनोज सिकरवार ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं अपने समर्थकों के साथ श्री तोमर का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया और प्रभु श्रीराम की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया।

यहां बताना होगा कि विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर महिला पार्क के लोकार्पण, महात्मा गांधी की प्रतिमा के अनावरण तथा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होने जौरा पहुंचे थे। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि मनोज गुर्जा जैसे कर्मठ और निष्ठावान भाजपा कार्यकर्ताओं की वजह से ही संगठन मजबूत और सशक्त बनता है।

सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

## कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, जिला मुरैना (म.प्र.)

**पानी की टंकी के पास, गणेशपुरा मुरैना (म.प्र.)**
फोन 07532-227650,250509 ईमेल -zskmorenamp@gmail.com
क्रमांक/एस.एस.ए./आई.ई.डी./2026/2249 मुरैना, दिनांक 15/07/26

### // विज्ञप्ति //

समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सी.डब्ल्यू.एस.एन.) का जिला स्तर पर बालक एवं बालिका के 50 सीटर छात्रावास संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रण किए जाते है।

संस्था के प्रस्ताव के साथ निम्नानुसार वांछित अभिलेख संलग्न करने की आवश्यकता होगी।

स्वयं सेवी संस्था जिले हेतु कार्य करने में यदि सक्षम एवं इच्छुक है वह मुरैना जिले के कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना का अपना प्रस्ताव विज्ञापन प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस के अंदर कार्यालयीन दिवस एवं समय में प्रस्तुत कर सकती है। प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किए जावे-

सी.डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास संचालन हेतु स्वयं सेवी संस्था के चयन बावत् शर्तें।

1. स्वयं सेवी संस्था का दिव्यांगजन अधिनियम 2016 की धारा 52 के तहत पंजीयन हो।
2. पंजीयन के पश्चात संस्था के पास दिव्यांग बच्चों के छात्रावास संचालन अथवा विशेष विद्यालय संचालन का न्यूनतम तीन वर्ष का अनुभव हो।
3. संस्था के पास दिव्यांग बच्चों की शिक्षा हेतु उपलब्ध सुविधाएं एंव संसाधन हो।
4. संस्था के पास भारतीय पुर्नवास परिषद नई दिल्ली में पंजीकृत विशेष शिक्षक हो।
5. विषम परिस्थिति के दृष्टिगत यदि छात्रावास के संचालन की राशि के भुगतान में विलम्ब हो तो संस्था स्वयं के व्यय पर छात्रावास का संचालन कर सकने में सक्षम हों।
6. संस्था की शिकायत होने पर वह जाँच में दोषी नहीं पाई हो इस संबंध में संस्था 100 रूपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र भी प्रस्ताव के साथ संलग्न करें।
7. बालक एवं बालिका छात्रावास संचालन के प्रस्ताव के लिफाफे अलग-अलग होना चाहिऐ।

संस्था अपने प्रस्ताव के लिफाफे के ऊपर सी.डब्ल्यू.एस.एन. छात्रावास बालक एंव बालिका छात्रावास के संचालन कार्य हेतु प्रस्ताव स्पष्ट एवं बड़े-बड़े अक्षरो में अवश्य लिखे। संस्था का चयन होने पर उस संस्था के साथ एक एम.ओ.यू. (अनुबंध) किया जायेगा। जिसके अनुरूप संस्था के द्वारा नियमानुसार कार्य संपादित किया जायेगा। किसी भी विवाद की स्थिति निर्मित होने पर अनुबंध की शर्तों के अनुसार निर्णय लिया जावेगा।

**जिला परियोजना समन्वयक**
**जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना**